**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**27.11.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 401 का उत्तर**

**ट्रेनों में अनारक्षित डिब्बे**

**401. डॉ. धर्मवीर गांधी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) औसतन कुल कितनी रेलगाड़ियों में अनारक्षित डिब्बे संलग्न होते हैं;**

**(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2014 से रेलगाड़ियों से जुड़ी अनारक्षित बोगियों की संख्या में कमी की है;**

**(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(घ) क्या सरकार की अनारक्षित डिब्बों को बंद करने की कोई योजना है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*****

**ट्रेनों में अनारक्षित डिब्बों के संबंध में दिनांक 27.11.2024 को लोक सभा में डॉ. धर्मवीर गांधी के अतारांकित प्रश्न सं. 401 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ग): भारतीय रेल यात्रियों के विभिन्न वर्गों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए विभिन्न संरचनाओं के साथ नियमित समय-सारणी वाली विभिन्न प्रकार की उपनगरीय, छोटी दूरी की यात्री रेलगाड़ियां, लंबी दूरी/मेल/एक्सप्रेस/सुपरफास्ट रेलगाड़ियां जैसी रेलगाड़ियां चलाती हैं। प्रचलित नीति के अनुसार मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 22 सवारी डिब्बों वाली गाड़ी में 12 साधारण श्रेणी और शयनयान श्रेणी के गैर-वातानुकूलित डिब्बे और 08 वातानुकूलित डिब्बे लगाए जाते हैं, जिससे सामान्य और गैर-वातानुकूलित स्लीपर सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध हो सके। चालू वित्त वर्ष के दौरान, एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) सवारी डिब्बों से चलने वाली मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 600 से अधिक साधारण श्रेणी के सवारी डिब्बे जोड़े गए हैं, जो अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की क्षमता में वृद्धि करेगा। इसके अलावा वर्तमान में गाड़ी सेवाओं के चालन के लिए व्यवहार में लाए जा रहे कुल डिब्बों की संख्या में कुल दो-तिहाई गैर-वातानुकूलित और एक-तिहाई वातानुकूलित प्रकार के हैं।**

**इसके अलावा, अमृत भारत सेवाओं की शुरुआत की गई है, जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है और झटका मुक्त यात्रा के लिए सेमी-परमानेंट कपलर, क्षैतिज स्लाइडिंग विंडो, फोल्डेबल स्नैक टेबल और बोतल होल्डर, मोबाइल होल्डर आदि जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस हैं। वे सेवाएं जो पूर्णतः गैर-वातानुकूलित गाड़ियां हैं, उनमें वर्तमान में यात्रियों को उच्च सुविधा प्रदान करने वाले 12 शयनयान सवारी डिब्बे और 08 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बे शामिल हैं। भारतीय रेल ने सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बों सहित 10,000 गैर-वातानुकूलित सवारी डिब्बों के विनिर्माण की योजना बनाई है।**

**(घ) जी, नहीं।**

*********